पाठ्यक्रम

विषय :संस्कत

कक्षा : छठी

समय : 3 घण्टे

लिखित अंक : **90**

सी. सी. ई : **10**

कुल अंक=**100**

(पाठ्यपुस्तक से)

1 30 वाक्य तीन भागों में दिए जाएं उनका अनुवाद हिन्दी या पंजाबी में करने को कहा जाए ।

(क) प्रथमा विभक्ति के तीनों पुरुषों से सम्बन्धित 10 वाक्य पूछे जाएं ।

(पाठ 2 से 12 तक)

(ख) द्वितीया विभक्ति , तृतीया विभक्ति तथा चतुर्थी विभक्ति से सम्बन्धित 10 वाक्य पूछे जाएं । (पाठ 13 से 18 तक)

(ग) पंचमी विभक्ति , षष्ठी विभक्ति , सप्तमी विभक्ति तथा सम्बोधन विभक्ति से सम्बन्धित 10 वाक्य पूछे जाएं । (पाठ 19 से 25 तक)

2 पाठों में से सरल आठ प्रश्न हिन्दी में पूछे जाएं , जिनमें से पाँच का उत्तर हिन्दी में लिखने को कहा जाए ।

3 सूक्ति भाग से सात वाक्य दिए जाएं । जिनमें से पाँच का उत्तर हिन्दी में लिखने को कहा जाए ।

4 पाठों के अभ्यासों में से सात संस्कृत शब्द दिए जाएं जिनमें से पाँच शब्दों का अर्थ हिन्दी में लिखने को कहा जाए ।

5 पाठ्य पुस्तक में से नैतिक शिक्षाप्रद कहानी देकर उस कहानी का सार हिन्दी में लिखने को कहा जाए ।

6 मिलान के लिए पाठ्य पुस्तक में से पाँच वाक्य दिए जाएं ।सही वाक्यों का मिलान करने के लिए कहा जाए ।

7 पुस्तक के अभ्यासों में से रिक्त - स्थानों की पूर्ति सम्बन्धित सात प्रश्न पूछे जाएं जिनमें से पाँच उचित शब्द लगाकर रिक्त - स्थानों की पूर्ति को कहा जाए।

भाग=ख

(व्याकरण भाग)

8 **(क)** पाठ्यक्रम में दिए गये शब्द रूपों में दस शब्द रूप की किसी एक विभक्ति से सम्बन्धित वचन को पूर्ण करने के लिए कहा जाए ।

(ख) पाठ्यक्रम में दिए गये धातु रूपों में से आठ धातुओं के रूप लट् लकार के तीनों पुरुषों के तीनों वचनों में पूछे जाएं जिनमें से केवल पाँच धातुओं के रूप लिखने हो।

(ग) पाठ्यक्रम में दिए गये संख्यवाची शब्दों में से सात शब्द देकर पाँच को संस्कृत में लिखने के लिए कहा जाए । (केवल प्रथमा विभक्ति)

पाठ्यक्रम

संस्कृत

सातवीं श्रेणी

समय : 3 घण्टे

लिखित अंक : =90
आन्तरिक मूल्यांकन = 10
कुल अंक = 100

(क) पाठ्य पुस्तक

1. दो गद्य भागों का अर्थ (हिन्दी या पंजाबी भाषा में)
2. दो पद्यों का अर्थ (हिन्दी या पंजाबी भाषा में)
3. संस्कृत शब्दों का हिन्दी में अर्थ
4. पाठ विषय संबंधी प्रश्न, पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों के आधार पर
5. पाठ्य पुस्तक के अभ्यासों में से रिक्त स्थान पूर्ति, वाक्य परिवर्तन आदि भाषा संबंधी प्रश्न
6. हिन्दी सुभषित , लोकोक्ति , सूक्ति को संस्कृत में लिखना

(ख) व्याकरण

1. स्वर संधि – दीर्घ, गुण , वृद्धि
2. निम्नलिखित शब्दों के रूप सअ विभक्तियों में
   (क) इकारान्त पुंलिंग : मुनि, कवि , कपि, रवि
   (ख) उकारान्त पुंलिंग : साधु , वायु , भानु , पशु , शिशु
   (ग) आकारान्त स्त्रीलिंग : लता, माला, बालिका, छात्रा, रमा ।
3. नम्नलिखित सर्वनामों के रूप सब लिंगों की प्रथमा, द्वितीया, तृतीया, चनुर्थी विभक्ति में:–
   तद् , एतद् , किम् , अस्मद् , युष्मद् ।
4. (क) बीस तक संरव्यावाची शब्दों का ज्ञान प्रथमा विभक्ति मे
   (ख) एक और द्वि के रूप तीनों लिंगों और सब विभक्तियों में
5. (क) निम्नलिखित परस्मैपदी धातुओं के रूप लट् लोट् लड्. लकारों में:–
   भ्वादिगण : स्था (तिष्ठ), दृश, (पश्य्) भू (भव्), भ्रम्, तृ, (तर्)
   तुदादिगण : स्पृश्, प्रच्छ् , (पृच्छ्), क्षिप् ।
   दिवादिगण : तुष् , शुष् , कुप् ।
   चुरादिगण : चुर्, कथ्, भक्ष्, क्षल् ।
   (ख) लृट् लकार में : चर् , चल्, गम्, धाव्, खेल्, हस्, पठ्, पत् ।
6. अनुवाद : पाठ्य – पुस्तक के अभ्यासों मे दिए गए हिन्दी वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद

निर्धारित पाठ्य –पुस्तक : संस्कृत पुस्तक – 7

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित